## एक नजर में

### मां नर्मदा के तट पर पाप, ताप व संताप से मुक्ति



इंदौर. पुण्यसलिला माँ नर्मदा का पुण्य प्रताप युगों-युगों से भारतीय समाज, धर्म संस्कृति और जीवमात्र को जीवन प्रदान करते आ रहा है. नर्मदा के तट पर मनुष्य और ऋषि-मुनि तो ठीक, देवता भी तप करने आते हैं. राम-रावण युद्ध के दौरान जब हनुमानजी पर हजारों ब्रह्म राक्षसों के वध का पाप चढ़ गया था तब उन्हें भी भगवती नर्मदा के तट पर आकर तपस्या करना पड़ी तब कहीं वे श्रापमुक्त हुए. नर्मदा केवल जलधारा नहीं, प्रभु के प्रेम, भक्ति, श्रद्धा, विश्वास और जीवन के प्रवाह की ऐसी धारा है जिसके तट पर पहुंचकर हर कोई हर तरह के पाप, ताप और संताप से मुक्त बन सकता है. नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य प. रविकांत शास्त्री ने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को माँ नर्मदा की लीलाओं की व्याख्या के दौरान उक्त ओजस्वी और प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व कैलाश शुक्ला, अनिल अग्रवाल, शिव जिंदल, मधुरम अग्रवाल, नितिन विजयवर्गीय, शाश्वत शुक्ला, देवांग शर्मा आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया. समाजसेवी राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में माँ नर्मदा प्राकट्य उत्सव भी मनाया गया. इस दौरान इधिका नित्यम बंसल ने माँ नर्मदा के रूप में प्रकट होकर सैकड़ों भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किए. देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा में सानिध्य प्रदान करने 10-11 मई को इंदौर में विराजित रहेंगे. संयोजक राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में शनिवार 9 मई को माँ नर्मदा की परिक्रमा की महिमा बताई जाएगी.

### महिलाओं के लिए कार रैली कल

इंदौर. मदर्स डे के अवसर पर इंदौर में महिलाओं के नेतृत्व में एक कार रैली मदर इंडिया- शक्ति ऑन व्हील्स का आयोजन 10 मई को किया जा रहा है. रैली का मुख्य संदेश एक उद्देश्य के लिए ड्राइव- सुरक्षित ड्राइविंग, सुरक्षित जीवन रहेगा. आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता, जिम्मेदार ड्राइविंग और सामाजिक सहभागिता का संदेश शहरभर में पहुँचाना है. रैली का शुभारंभ प्रातः 7 बजे नेहरू स्टेडियम से होगा तथा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए इसका समापन फीनिक्स सिटाडेल मॉल पर किया जाएगा. आयोजन में शहर की विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएँ भाग लेंगी. इस अवसर पर प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र, आकर्षक उपहार, प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर, ब्रेकफास्ट एवं लंच की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी. रैली में थीम आधारित कार सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें रचनात्मक रूप से सजाई गई कारों को पुरस्कृत किया जाएगा. आयोजक रजनी खेतान ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कार रैली नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, मातृत्व सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सकारात्मक अभियान है. रैली के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित यातायात और अनुशासित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा.

### संस्कार शिक्षण शिविर में की सामूहिक पूजा



इंदौर. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के करीब 40 पदाधिकारी सन्मति स्कूल में संचालित हो रहे बाल एवं युवा संस्कार शिक्षण शिविर में पहुंचे और 2100 शिविरार्थियों के साथ बहुत ही भक्ति भाव से सामूहिक पूजा की. कार्यक्रम स्थल पर विराजित भगवान मुनिसुब्रतनाथ के कलश भी देखे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि ये शिविर यंग जैन स्टडी ग्रुप द्वारा पिछले 11 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसका मार्गदर्शन माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवा विद्वान पंडित प्रकाश छाबड़ा द्वारा किया जा रहा है. 22 कमरों में स्मार्ट क्लासेस चलती है, जहां शिविरार्थियों को डिजिटल बुक्स को दिखाकर पढ़ाया जा रहा है. देशभर से आए विद्वान शास्त्री व ब्रह्मचारी बहनें इन्हें जैन धर्म की शिक्षा देते हैं. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि शिविर में तकनीक का उपयोग धार्मिक शिक्षा में बहुत अच्छी तरह से किया जा रहा है. इस अवसर पर जैन समाज के महामंत्री देवेंद्र सोगानी, विकास जैन जेएमबी, डीके जैन, नकुल पाटोदी, सतीश जैन, ऋषभ पाटनी, टीनू जैन, सुनील शाह, मनोज गोधा, प्रीतेश जैन, अमोद पहाड़िया, मिंटा – अजय जैन अखिलेश जैन, अजय जैन, पूनम चंद सतभैया, रितेश जैन, दिलीप डोशी, वीरेंद्र बढ़जात्या आदि विशेष रूप से उपस्थित थे.

### लायंस क्लब द्वारा दाना पानी सकोरे का वितरण



इंदौर. लायंस क्लब इंदौर सिटी द्वारा एम.आई.जी कॉलोनी अहिंसा गार्डन के हरे भरे पेड़ पौधेवाले उद्यान में वैशाख की गर्मी में छायादार पेड़ों पर रह रहे पक्षियों के लिए दाना पानी के सकोरे क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीडीजी लायन एसपी नामदेव, दिनेश रणधर, दिलीप माटा, रिंकी जयसिंघानी चुग, अशोक गुप्ता, राजेश पाल, रवि चौधरी ने प्रदान किये व भविष्य में भी अन्य लोकहित में सेवायें देते रहने के लिए संकल्प लिया. उद्यान के व्यवस्थापक गजराज सोलंकी, रतन राजपूत, बाबूराव, बबीता राजपुरोहित, अभिषेक रणधर व कई रहवासी उद्यान में उपस्थित थे.

### भाजपा इंदौर नगर की मासिक बैठक सम्पन्न




इंदौर. शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, जिला प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, मधु वर्मा, मनोज पटेल, गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, अजा मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज कैरो, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक महेश पालीवाल की उपस्थिति में मासिक बैठक सम्पन्न हुई. बैठक को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि हमारे संगठन की कार्यपद्धति का महत्त्वपूर्ण अंग है बैठकें. भाजपा के कार्यकर्ता की प्रामाणिकता होती है, क्योंकि जो कार्य केंद्र एवं प्रदेश संगठन द्वारा दिया जाता है उन्हें कार्यकर्ता पूरी प्रमाणिकता के साथ पूरा करते है. इंदौर के कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव की चर्चा पूरे प्रदेश में होती है. भाजपा जिला प्रभारी राजेशसिंह सोलंकी ने कहा मासिक बैठकों का उद्देश्य बैठक, प्रवास, सामुहिकता का भाव और चर्चा है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित हो. नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा हमारे 35 मंडलों की बैठकें सम्पन्न हो चुकी है. शक्ति केन्द्रों की बैठकें भी शत प्रतिशत पूर्ण होगी. इन बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ता अपने अपने मतदान केंद्रों को और अधिक मजबूत बनाने पर फोकस करें. बैठक को विधायक मधु वर्मा ने भी संबोधित किया, संचालन सुधीर कोल्हे एवं आभार कैलाश पीपले ने माना. इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, भूपेंद्र केसरी, भारत पारख, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, दीप्ति हाडा, नतिन शर्मा, रितेश शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# एमआर 4 सड़क निर्माण में बाधक दो फैक्ट्रियों के हिस्से तोड़े



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम रिमूवल दस्ते ने आज एमआर- 4 सड़क निर्माण में बाधक हिस्से हटाने के कार्रवाई की. नगर निगम मास्टर की 30 मीटर चौड़ी अधूरी सड़क बनाने का काम कर रहा है. पूर्व में यह सड़क भागीरथपुरा तक पिछले सिंहस्थ में बनाई गई थी.**

नगर निगम द्वारा योजना शाखा के माध्यम से 30 मीटर चौड़ी एम.आर.-4 मास्टर प्लान रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है. इसके तहत सड़क निर्माण में बाधाक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में आज डीआईसी की भूमि पर निर्मित दिवाकर कॉपी हाउस एवं विद्या इंटरप्राइजेज के बाधक हिस्सा हटाने की कार्रवाई की गई. उक्त दोनों निर्माण सड़क चौड़ीकरण कार्य में अवरोध थे, जिससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था. ध्यान रहे कि दोनों फैक्ट्रियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश ले रखा था, किंतु दिसंबर 2025 में संबंधित प्रकरणों का निराकरण हो चुका है. उक्त जमीन डीआईसी की स्वामित्व भूमि है, इसलिए डीआईसी द्वारा नगर निगम को बाधक निर्माण हटाने हेतु अधिकृत किया गया था. इसी तारतम्य में आज निगम द्वारा कार्रवाई कर फैक्ट्री का बाधक हिस्सा को हटाया गया. कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी आशीष राठौर, भवन निरीक्षक आराधना शुक्ला, योजना शाखा के देवेंद्र तंवर सहित रिमूवल विभाग की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# क्राइम पर लगाम लगाने 50 से ज्यादा हॉट स्पॉट चिन्हित

- हर थाने में 8-10 पॉइंट तय, ड्रोन से की जा रही निगरानी
- रात में गश्त और चेकिंग से वारदातों में कमी का दावा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** चोरी, लूट और चाकूबाजी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जोन-2 पुलिस ने 50 से ज्यादा हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं. इन स्थानों पर रोजाना रात में ड्रोन पेट्रोलिंग और पुलिस गश्त के जरिए निगरानी रखी जा रही है, जिससे अपराधों में कमी आने का दावा किया जा रहा है.

एडीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि जोन 2 के सात थानों के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है. जिन क्षेत्रों में पहले ज्यादा वारदातें हुई या लगातार घटनाएं सामने आ रही थीं, वहां 8 से 10 हॉट स्पॉट तय किए गए हैं. इन जगहों पर पुलिस टीम हर रात चेकिंग कर रही है और ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है. पुलिस ने आउटर थाना क्षेत्रों, खासकर कनाड़िया और लसूड़िया इलाके में ऐसे रास्ते भी चिन्हित किए हैं, जहां से बदमाश खेतों और पगडंडियों के जरिए आते-जाते थे. इन मार्गों पर भी रात में सख्ती से निगरानी की जा रही है. संदिग्ध दिखने पर तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की जा रही है. सिंह का कहना है कि लगातार निगरानी और सख्ती का असर दिख रहा है और संबंधित क्षेत्रों में अपराधों में कमी आई है, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

# पटाखा कारोबारी से 16 लाख की धोखाधड़ी

- उधार माल लेकर भुगतान से पलटा व्यापारी, केस दर्ज

**इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक थोक पटाखा व्यापारी से करीब 31 लाख रुपये का माल खरीदने के बाद आरोपी ने बकाया 16 लाख रुपये देने से हाथ खड़े कर दिए. पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी व्यापारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है.**

### भरोसे पर उधार माल देना पड़ा मंहगा

पुराना ग्राहक होने के नाते सुरेश फेरवानी ने भरोसे पर उधार माल दे दिया. लेकिन, दीपावली बीतने के बाद जब भुगतान का समय आया, तो अविनाश जैन टालमटोल करने लगा. सुरेश पिछले एक महीने से लगातार तकादा कर रहे थे, लेकिन आरोपी ने अंततः रकम देने से साफ इनकार कर दिया और संपर्क तोड़ लिया. परेशान होकर सुरेश फेरवानी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. पुलिस ने बिलों, दस्तावेजों और बैंक लेनदेन की बारीकी से जांच की. धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी अविनाश जैन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुरेश फेरवानी निवासी रीजनल पार्क रवि फायर वर्क्स के नाम से पटाखों का थोक व्यापार करते हैं, सुरेश ने पुलिस को बताया कि गड्डा पुलिया क्षेत्र के रहने वाले अविनाश जैन पिछले 3-4 वर्षों से उनकी दुकान से माल खरीद रहे थे. पुराने व्यापारिक संबंधों के कारण दोनों के बीच अच्छा तालमेल था. सितंबर-अक्टूबर 2025 के दौरान जब अविनाश जैन ने अहिल्या मार्केट में पटाखों की दुकान लगाई, तब 24 सितंबर से 24 अक्टूबर के बीच दोनों व्यापारियों के बीच करीब 31 लाख 58 हजार रुपये का कारोबार हुआ. इसमें कुछ भुगतान करने के बाद अविनाश ने शेष बचे करीब 16 लाख रुपये बाद में देने की बात कही थी, जिसकी लिखा-पढ़ी भी की गई थी.



# रात में 5 कारों के कांच फोड़ने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

- द्वारिकापुरी पुलिस की कार्रवाई, सत्यदेव नगर में वारदात

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र में घरों के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों ने 6 मई की दरमियानी रात सत्यदेव नगर कॉलोनी में खड़ी 5 कारों के कांच फोड़ दिए थे.

गिरफ्तार आरोपियों के नाम आदित्य उर्फ बाबूनाथ उम्र 22 साल और हर्ष उर्फ बाबू उम्र 20 साल निवासी नाथ मोहल्ला, सूर्यदेव नगर हैं. घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है, दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जांच की जा रही है.

# भगवान और ध्वजा से जुड़े रहें अन्यथा विषय वासनाएं भटका देंगी

- द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर में सौल्लास सम्पन्न हुआ ध्वजारोहण का मुख्य महोत्सव - लाभार्थी परिवारों का हुआ सम्मान



**इंदौर.** ध्वजा चाहे मंदिर की हो या राष्ट्र की अथवा अन्य किसी संस्थान की- उसका स्थान हमेशा शिखर पर ही होता है. मंदिर की ध्वजा के दर्शन दिन में कई बार बल्कि जब चाहे तब हो सकते हैं. भगवान से ज्यादा महत्व ध्वजा के दर्शन के माने गए हैं. ध्वजा मंदिर के जीवंत होने का भी प्रमाण है. भगवान के दर्शन हर किसी को सहज रूप से नहीं हो पाते लेकिन ध्वजा के दर्शन तो हर समय हो सकते हैं. मंदिर से जुड़े रहने के लिए जरुरी है कि हम भगवान और ध्वजा के दर्शन नियमितरूप से करते रहें अन्यथा संसार की विषय वासनाओ की आंधी हमें कभी भी, कहीं भी भटका और उड़ा देगी।

द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में पंयास प्रवर योगरुचि विजय म.सा. ने शुक्रवार को आयोजित ध्वजारोहण एवं धर्मसभा के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, सुशील कुकड़ा एवं चेतन भंडारी ने बताया कि मंदिर के रजत जयंती ध्वजारोहण महोत्सव में सुबह मंदिर से बैंड-बाजों सहित ध्वजाजी का वरघोडा निकाला गया, जिसमें वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय, पंयास प्रवर योगरुचि विजय एवं नंदीरूचि विजय आदिठाणा के सानिध्य में सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी जयसिंह जैन, दिलीप सी जैन, भाजपा नेता पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू, विमल नाहर, राजेंद्र जैन, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख सहित बड़ी संख्या में शहर के जैन श्रीसंघों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे. जुलूस में बग्घियों में लाभार्थी परिजन सवार होकर समाज बंधुओं का अभिवादन कर रहे थे. वरघोडा मंदिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा जहाँ लाभार्थी परिवार के के सदस्यों ने विधिकर्ता आशीष जैन (जावरा) के निर्देशन में ध्वजारोहण की विधियां हर्षोल्लास और भगवान शीतलनाथ के जयघोष के बीच सम्पन्न की. इस दौरान समूचा मंदिर परिसर भगवान महावीर स्वामी और अन्य तीर्थंकरों के जयघोष से गुंजायमान बना रहा.




# महिलाओं को निर्यात के नए अवसरों की दी जानकारी

- बिजनेस को ग्लोबल और एक्सपोर्ट रेडी बनाने पर विशेष कार्यक्रम

**इंदौर.** महिलाओं को एक्सपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सांसद शंकर लालवानी की उपस्थिति में एक्सपोर्ट: अवसर, चुनौतियां, समाधान विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों, व्यापारियों और एक्सपोर्ट क्षेत्र में रुचि रखने वाली महिलाओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में एक्सपोर्ट क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने महिलाओं को व्यापार और निर्यात के नए अवसरों की जानकारी दी.

राकेश अग्रवाल ने महिलाओं के लिए एक्सपोर्ट को एक बड़े व्यवसायिक अवसर के रूप में समझाया. वहीं श्रद्धा इम्पेक्स की जनरल मैनेजर आरती खाले ने आने वाले तीन वर्षों में एक्सपोर्ट के टॉप ग्रोथ सेक्टर्स पर विस्तार से जानकारी साझा की. डीजीएफटी के जॉइंट डायरेक्टर अभिषेक शर्मा ने केंद्र सरकार की नई ट्रेड डील्स और बदलते वैश्विक बाजार के संदर्भ में भारत के एक्सपोर्ट सेक्टर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला. वहीं एमपीआईडीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिमांशु प्रजापति ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से एक एक्सपोर्ट नेशन बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. केंद्र सरकार ने एक्सपोर्ट की प्रक्रिया को पहले की तुलना में काफी आसान और सरल बनाया है, जिससे अब छोटे व्यवसाय, स्टार्टअप और महिलाएं भी वैश्विक बाजार तक पहुंच बना पा रही हैं. कार्यक्रम में एआईएमपी से श्रेष्ठा गोयल ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया. में फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन वंदना गुजराती ने आभार माना.

# शनैश्चर जयंती संगीत समारोह की शुरुआत आज से

इंदौर. परमारकालीन प्राचीनतम श्री शनि मंदिर, जूनी इंदौर में श्री शनैश्चर जयंती महोत्सव 2026 के अंतर्गत 83 वें अखिल भारतीय श्री शनैश्चर जयंती संगीत समारोह की शुरुआत 9 मई से होने जा रही है. समारोह के पहले ही दिन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक नीलाद्री कुमार अपनी हाजिरी शनि दरबार में लगाएंगे. तबलावादक पंडित सत्यजीत तलवलकर का एकल तबला वादन एवं प्रातः पंडित श्री पीयूष तिवारी द्वारा सुंदरकांड होगा.



नीलाद्री कुमार आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शीर्षस्थ सितार वादकों में शामिल हैं. सांध्यकालीन सभा का शुभारंभ श्री सत्यजीत तलवलकर के एकल तबला वादन से होगा। आपके साथ श्री यशवंत थत्ते हारमोनियम पर संगत करेंगे। श्री सत्यजीत तलवलकर युवा वर्ग के सम्मानित तबला वादकों में शामिल हैं। समारोह की शुरुआत पंडित पीयूष तिवारी द्वारा सुंदरकांड से होगी. प्राचीनतम श्री शनि मंदिर जूनी इंदौर के पंडित सचिन तिवारी ने बताया कि समारोह सभी के लिए खुला है तथा सभी संगीत रसिक इसमें सादर आमंत्रित हैं.

### हास्य नाटक का मंचन कल

**इंदौर.** मदर डे पर रंग रूप थियेटर हास्य नाटक गज फुट इंच का मंचन करने जा रहा है. यह आयोजन 10 मई की शाम को 7.30 बजे कृषि कॉलेज सभागार में होगा. यह जानकारी देते हुए आयोजक वरुण जोशी और फैजान खान ने बताया कि इस हास्य नाटक के लेखक प्रसिद्ध नाट्य लेखक के पी सक्सेना है. यह नाटक 80 के दौर की यादो और रिश्तों को जोड़कर दर्शको को हँसा - हंसा कर लोटपोट कर देगा.

# नाटका एकदा पाहावं करून का मंचन



**इंदौर.** सानंद न्यास के पांच दर्शक समूहों के लिए कॉमेडी नाटक एकदा पाहावं करून का मंचन शुक्रवार शाम से स्थानीय देवी अहिल्या सभागृह, विश्वविद्यालय परिसर में प्रारंभ हुआ. यह नाटक केवल हंसाता नहीं, बल्कि अपने तीव्र नाट्यविन्यास और मानवीय विसंगतियों के कारण दर्शकों को लगातार बांधे भी रखता है.

नाटक का केंद्र है, बबनराव बाकरे और बाप्पाजी धरसोड. एक ओर बबनराव हैं, जिनकी वकालत भले ही विशेष न चलती हो, लेकिन व्यक्तित्व में आत्ममुग्धता और प्रतिष्ठा का दिखावटी आवरण भरपूर है. दूसरी ओर बाप्पाजी हैं, काले धंधों में लिप्त, रंगीन मिज़ाज और प्रभावशाली दबंग. इन दोनों के बीच की वैचारिक, सामाजिक और मानसिक टकराहट ही नाटक की हास्यधारा को जन्म देती है.

स्थिति तब उलझती है जब बबनराव की बेटी सायली, बाप्पाजी के बेटे बकुळ के प्रेम में पड़ जाती है. बात पुलिस शिकायत तक पहुंचती है और फिर शुरू होता है आरोपों, भ्रमों, धमकियों और रिश्तों के उलझते धागों का वह सिलसिला, जो इस नाटक को एक जीवंत फार्स कॉमेडी में बदल देता है. विजय केंकरे का निर्देशन इस नाटक की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरता है. अभिनय की दृष्टि से वैभव मांगले नाटक के प्राण हैं। बाप्पाजी धरसोड के रूप में उनका व्यक्तित्व मंच पर आते ही वातावरण बदल देता है. वहीं आनंद इंगळे ने बबनराव के भीतर छिपे भय, झूठी मर्दानगी और हास्यास्पद असहायता को बड़ी सूक्ष्मता से अभिव्यक्त किया है. भार्गवी चिरमुले की बाबीताई घरेलू भोलेपन और अनगढ़ व्यवहार का प्रभावी उदाहरण बनती है. सानंद न्यास के जयंत भिसे एवं संजीव वावीकर ने बताया कि नाटक एकदा पाहावं करून का मंचन 9 मई शनिवार को रामूभैया दाते समूह के लिए अपराह्न 4 बजे, शाम 7.30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिए, 10 मई रविवार को वसंत समूह के लिए अपराह्न 4 बजे एवं 7.30 बजे बहार समूह के लिए होगा.

## एक नजर में — मालवा उत्सव में शिल्प बाजार में लगी भीड़

# बधाई, कर्मा, सिद्धि धमाल, हुडारास नृत्य ने जमाया रंग

**इंदौर.** लोक संस्कृति मंच. नगर पालिका निगम एवं संस्कृति संचनालय मध्यप्रदेश सहयोग से मनाए जा रहे मालवा उत्सव में कला प्रेमियों की खासी उपस्थिति दशहरा मैदान परिसर में देखी जा रही है. शहरवासी लोकनृत्यों का आनंद उठा रहें हैं.

शुक्रवार को मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल का बधाई नृत्य प्रस्तुत किया गया. यह पुत्र जन्म, विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर शीतला माता की आराधना में किया जाता है. रंग-बिरंगे सुंदर परिधानों में नृत्य करते पिरामिड बनाते लोक कलाकारों के प्रदर्शन से तालिया की गड़गड़ाहट गूंज उठी. गुजरात से आई टीम ने सफेद धोती नीला जैकेट सर पर पगड़ी कमर में दुपट्टा बांधकर हाथ में रुमाल के साथ घूम-घूम कर हुडारास नृत्य की बानगी प्रस्तुत की. वहीं मध्य प्रदेश के डिंडोरी से आए 16 कलाकारों ने गोंड जनजाति का करमा नृत्य प्रस्तुत मांदल की थाप, टीमकी, गुदुम, शहनाई का उपयोग कर के सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया. किया. लोक संस्कृति मंच के संयोजक शंकर लालवानी ने बताया कि स्थानीय कलाकारों ने नटराज स्तुति प्रस्तुत करके सबका मनमोहा. वही अर्चना बनर्जी के समूह ने समुद्र मंथन की कथा को मंच पर दर्शाया, कविता तिवारी समूह द्वारा कत्थक से दुर्गा के नौ स्वरूपों को दुर्गा चरितम द्वारा दिखाया गया. नाथ ब्रह्म गणेश वंदना एवं तराना कत्थक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया वहीं प्रिया गोखले समूह ने शिव आख्यान प्रस्तुत किया. इसके अलावा धनगर गाजा तलवार रास, गेड़ी, सिद्धि धमाल, गुस्सादी नृत्य भी हुए.



### झालमुरी का स्वाद भी लिया

लोक संस्कृति मंच के दीपक लवंगडे, संकल्प वर्मा एवं विशाल गिद्वानी ने बताया कि आज दशहरा मैदान परिसर में शिल्पकारों के शिल्प को देखने खरीदने के लिए भीड़ उमड पड़ी. जयपुर के फर्नीचर सुंदर मेटल वर्क काफी पसंद किया जा रहा है. एंटीक फ्लावर पाट के साथ खूबसूरत फूल एवं विभिन्न प्रकार की सजावटी सामग्री के स्टॉल पर भी भारी भीड़ देखी गई. मंच के सतीश शर्मा व बंटी गोयल ने बताया कि शिल्प मेले में कला प्रेमियों की उपस्थिति दर्ज की गई. वही मेले में लोग झाल मुरी का स्वाद एवं चटकारा लेने स्टॉल पर देखे गए.